वी.यू. द्वारा फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंगीकृत ग्रामः घाना में निःशुल्क पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर का आयोजन

जबलपुर। आज दिनांक 22 जुलाई 2022 को ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर के उद्धेश्यों के अनुरूप पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर का आयोजन कुलपति माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी की अभिप्रेरणा से फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत अंगीकृत ग्रामः– घाना में पशुचिकित्सा एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. हरि.आर, प्रमुख अन्वेषक के समन्वय से सुपर स्पेशिलिटी एनिमल ऐम्बुलेंस सुविधायुक्त के साथ आयोजित हुआ। जिसमें गर्भ परीक्षण, बांझपन निवारण, सर्दी, बुखार, बाह्य परजीवी रोगों का ईलाज किया गया, साथ ही औषधियों का वितरण, कृमिनाशक दवाई वितरण, विभिन्न पशुओं में किया गया। शिविर में विभिन्न प्रजातियों के कुल 30 पशु उपचारित किये गये। पशु स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न प्रजातियों के पशुओं क्रमशः गाय 18, भैंस 8, बकरी 2, उपचार शिविर में डॉ. आनंद जैन, एवं महाविद्यालय के अध्ययनरत छात्र –छात्राओं की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। इस पशु स्वास्थ्य उपचार शिविर में श्री विजय चौकसे, श्री आशीष यादव, एवं क्षेत्र सहायक ग्राम घाना के पशुपालकों का सहयोग व उनकी उपस्थिति प्रशंसनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि. ,जबलपुर